BUDHA DAL PUBLIC SCHOOL, PATIALA
FINAL EXAMINATION (2 March 2023)
Class - IV
Hindi
(Set - B)

Time: 3hrs. MM: 60

Name ____________ Class ________ Section _______ Roll No. ________

प्र1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखोः (5)

दीपावली मेरा सबसे प्रिय त्योहार है। यह हिंदुओं का एक प्रमुख त्योहार है। इसे 'प्रकाश का पर्व' भी कहा जाता है। यह श्रीराम जी के चौदह वर्ष वनवास के बाद अयोध्या लौटने की खुशी में मनाया जाता है। दीपावली प्रतिवर्ष कार्तिक महीने की अमावस्या तिथि को मनाई जाती है। दीपावली से पहले घरों की सफाई एवं रंगाई की जाती है। रात में घरों को मोमबत्तियों एवं बिजली की झालरों से सजाया जाता है। लोग धन की देवी लक्ष्मी जी की पूजा करते हैं। बच्चे पटाखों और फुलझड़ियों का आनंद लेते हैं।

प्रश्न

क) दीपावली को क्या कहा जाता है?

ख) दीपावली पर लोग किसकी पूजा करते हैं?

ग) शब्द - अर्थ : मजा

घ) विलोम शब्द - दिन, बाद

ङ) खाली स्थान भरोः

1. दीपावली प्रतिवर्ष .... महीने की .... तिथि को मनाई जाती है।

प्र2. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखोः (5)

डाल-डाल पर उड़ना-गाना
जिसने तुम्हें सिखाया है।
सबसे मीठा-मीठा बोलो,
यह भी तुम्हें बताया है।।

बहुत भली हो, तुमने माँ की
बात सदा ही है मानी।
इसीलिए तो तुम कहलाती,
हो सब चिड़ियों की रानी।।

क) कोयल ने किसकी बात मानी है?

ख) कोयल क्या कहलाती है?

ग) शब्द-अर्थ : हमेशा

घ) विलोम शब्द - कड़वा

ङ) समानलय वाले शब्द लिखो

मानी, घोलो

प्र3. शब्द-अर्थः श्रम, सच, नरम, हिम्मत (2)

प्र4. वाक्य बनाओः हमेशा, किनारा, फल (3)

B-1

Scanned with OKEN Scanner

प्र5. मुहावरों के अर्थ लिखोः (4)

क) पीठ दिखाना - (हार मानना, क्रोधित होना)

ख) फूला न समाना - (भाग जाना, बहत खुश होना)

ग) गुड़ गोबर करना - (बहुत तेज दौड़ना, काम बिगाड़ देना)

घ) नाम कमाना - (यश प्राप्त करना, हैरान रह जाना)

प्र6. लिंग बदलो : (4)

क) शिष्य को गुरु का आदर करना चाहिए।

ख) राजा बाग में टहल रहा है।

ग) मेरा सुत बहुत नटखट है।

घ) श्रीमान जी, आपका स्वागत है।

प्र7. सही (✓) अथवा गलत (✗) का निशान लगाओः (1

क) आश्रम में तीन यात्री ठहरे हुए थे।

ख) मिट्टी का घड़ा ताँबे के घड़े के पास नहीं गया।

प्र8. अनेकार्थी शब्दः काल, चक्र (

प्र9. वचन बदलोः (

क) राहुल ने चींटी को पकड़ा।

ख) चुहिया बिल में घुस गई।

ग) मेरी कलम टूट गई।

घ) तितली रंग-बिरंगी होती है।

प्र10. गिनती

क) 6 - (छँ, छः)

ख) 24 - (चौबीस, चोबीस)

ग) 11 - (ग्यारह, गयारह)

घ) 29 - (उनतीस, उणतीस)

ङ) 17 - (सत्रह, सात्रह)

च) 3 - (तिन, तीन)

प्र11. प्रश्नों के उत्तर दोः

क) महात्मा बुद्ध ने यात्री को क्या ज्ञान दिया?

ख) बाढ़ के पानी में क्या-क्या बहकर आया?

ग) कोयल की बोली कैसी है और वह मेघों से क्या माँगती है?

घ) बाढ़ कैसे आती है?

ङ) कोयल आमों में मिसरी कैसे घोलती है?

Scanned with OKEN Scanner

(4) 12. अनेक शब्दों के लिए एक शब्दः (4)

क) साथ पढ़ने वाला - (सहपाठी, पारदर्शी)

ख) निरीक्षण कार्य करने वाला - (यमराज, निरीक्षक)

ग) सदा सत्य बोलने वाला - (अल्यज्ञ, सत्यवादी)

घ) मुसलमानों का नमाजस्थल - (मस्जिद, गिरजाघर)

प्र13क) क्रिया के कितने भेद हैं? उनके नाम लिखो। (1)

ख) **क्रिया छाँटोः** (1)

क) मोहन तैर रहा है।

ख) माली फूल तोड़ता है।

प्र14. **अशुद्ध-शुद्धः** प्राथना, मिटठी, यात्री, हिममत (2)

प्र15. मित्र को जन्मदिन पर बधाई पत्र लिखो। (7)

Scanned with OKEN Scanner